RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 180 | नागौर, 01 जून, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## काली स्याही, जानलेवा हमले किसानों की आवाज को नहीं दबा सकते : टिकैत

नोएडा (उत्तर प्रदेश)।



भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने बेंगलुरु में उन पर स्याही फेंके जाने के बाद कहा है कि काली स्याही और घातक हमले किसानों और मजदूरों की आवाज को दबा नहीं सकते। कर्नाटक की राजधानी के गांधी भवन में सोमवार को एक किसान संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान बदमाशों ने टिकैत पर स्याही फेंक दी। पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद आयोजकों और बदमाशों ने एक दूसरे पर प्लास्टिक की कुर्सियों से हमला किया। टिकैत ने इस घटना के लिए स्थानीय पुलिस को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया है कि उन पर हमला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राज्य सरकार की मिलीभगत से किया गया था। किसान नेता ने सोमवार देर रात ट्वीट किया, ''काली स्याही और घातक हमले इस देश के किसानों, मजदूरों, दलितों, शोषितों, पिछड़ों और आदिवासियों की आवाज को दबा नहीं सकते। लड़ाई आखिरी सांस तक जारी रहेगी।''

## ओवैसी अब राजस्थान में किस्मत आजमाने निकले, बोले- आगामी चुनाव में पूरी ताकत के साथ हिस्सा लेगी एआईएमआईएम

जयपुर।



ज्ञानवापी मस्जिद समेत देश में चल रहे तमाम मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखने वाले ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को जयपुर में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ हिस्सा लेगी। आपको बता दें कि राजस्थान में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले तमाम राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसी बीच असदुद्दीन ओवैसी ने भी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम पार्टी पूरी ताकत के साथ हिस्सा लेगी, कितने सीट पर हम लड़ेंगे वो भी जल्दी बताया जाएगा। गठबंधन पर चर्चा की जाएगी, लेकिन हम पहले अपने संगठन को मज़बूत करेंगे। उसके बाद सही वक्त पर फैसला लिया जाएगा।

## ममता की ठिठोली : 125 किलो वजन वाले कार्यकर्ता के बढ़े पेट को देखकर पूछा- आपका मध्यप्रदेश इतना क्यों बढ़ रहा है

कोलकाता.



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे नगर पालिका कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल से उनके बढ़े हुए पेट को देख कर कहती हैं कि तुम्हारा मध्यप्रदेश इतना क्यों बढ़ रहा है। उनकी बात सुनकर कार्यक्रम में मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे। दरअसल, कार्यक्रम में मौजूद सुरेश अग्रवाल अपनी बात कहने के लिए खड़े हुए थे। सुरेश का पेट बड़ा है, इस पर तंज कसते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि आपके पास इतना बड़ा मध्यप्रदेश कैसे हो सकता है? जिस तरह से आपका पेट बढ़ रहा है, आप किसी भी दिन गिर जाएंगे। चूंकि, पेट शरीर के मध्य भाग में होता है, इसलिए बनर्जी ने मध्य प्रदेश से पेट की तुलना कर दी।

## कालेधन को सफेद करने के लिए हुई थी नोटबंदी, इसके दर्द को देश कभी नहीं भूलेगा: राहुल

नयी दिल्ली।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जाली नोटों से संबंधित भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि नोटबंदी कालेधन को सफेद करने के लिए की गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि नोटबंदी का दर्द देश कभी नहीं भूलेगा। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा, ''8 नवंबर 2016 को नोटबंदी के नाम पर देश को अचानक लाइन में लगा दिया गया। लोग अपना ही पैसा निकालने के लिए तरस गए, कई घरों में शादियां थीं, बच्चों और बुजुर्गों के इलाज चल रहे थे, गर्भवती महिलाएं थीं, लेकिन लोगों के पास पैसे नहीं थे, घंटों लाइन में लगने की वजह से कई लोगों की मृत्यु हो गई।'' राहुल ने दावा किया, ''2022 में रिजर्व बैंक के हवाले से ख़बर आयी कि बैंक में पहुंचे 500 रुपये के 101.9 प्रतिशत और 2 हजार रुपये के 54.16 प्रतिशत से ज़्यादा नोट, नकली हैं।

# राजस्थान के 13 जिलों में इस साल होगी ज्यादा बारिश

## 20 जून तक हो सकती है मानसून की एंट्री; सामान्य से अधिक बरसेंगे बादल

जयपुर.

राजस्थान में खरीफ की फसल करने वाले किसानों और गर्मी से परेशान लोगों के लिए अच्छी खबर है। मौसम केन्द्र नई दिल्ली की ओर से मानसून फोरकास्ट जारी किया है। इसमें राजस्थान के 60 फीसदी एरिया में अच्छी बारिश यानी सामान्य से ज्यादा होने का अनुमान जताया है। साथ ही बाड़मेर, पाली, सिरोही, जालोर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा में इस साल कम बारिश होने की आशंका जताई है। बारिश का अनुमान 30 जिलों के लिए है। इनमें 13 जिलें ऐसे हैं जहां सामान्य से ज्यादा बारिश होगी।राजस्थान में हर साल मानसून में औसतन 415एमएम बरसात होती है। जो इस बार सामान्य से 6-8 फीसदी अधिक होने का अनुमान है। वर्तमान में जिस स्पीड से मानसून आगे बढ़ रहा है, संभावना है कि 2-3 दिन में ये गोवा और महाराष्ट्र में प्रवेश कर जाएगा। वर्तमान में मानसून के लिए स्थितियां अनुकूल हैं। राज्य में मानसून इस बार भी पिछले साल से जल्दी आने की संभावना है। राजस्थान में दक्षिण-पश्चिमी मानसून की एंट्री 15-20 जून के मध्य हो सकती है।

### कहां कितनी होगी बारिश

**सामान्य से अधिक बारिश के संभावित जिले:** अलवर, जयपुर, भरतपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, करौली, टोंक, जैसलमेर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, सीकर।

**सामान्य बारिश वाले संभावित जिले :** जोधपुर, नागौर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, झालावाड़, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, टोंक।

**सामान्य से कम बारिश की संभावना :** पाली, जालोर, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, बूंदी, कोटा।

### कोटा, भरतपुर, जयपुर संभाग में प्री-मानसून में अच्छी बारिश के संकेत

जून में होने वाली प्री-मानसून और मानसून के शुरूआती दौर की बारिश कोटा संभाग में अच्छी हो सकती है। मौसम केन्द्र के मुताबिक कोटा, बारां, झालावाड़, बूंदी के अलावा सवाई माधोपुर, जयपुर, दौसा, भरतपुर, अलवर, करौली, धौलपुर एरिया में अच्छी बारिश का अनुमान है। ऐसे में इस एरिया में खरीफ की फसल करने वाले किसानों के लिए ये अच्छी खबर है।



**गर्मी का असर कम**-बारिश के साथ ही जून में इस बार गर्मी भी कम रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक पूरे राजस्थान में जून के महीने में अधिकांश दिन तापमान सामान्य से नीचे बना रह सकता है। जयपुर में जून के महीने का औसत तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है और इस बार ये कम रहने की संभावना है। इसी तरह कोटा में 41 के बीच, उदयपुर में 38, जोधपुर में 40, चूरू, बीकानेर में 42 और बाड़मेर में 41 डिग्री सेल्सियस तापमान रहता है।

## मूसेवाला पंचतत्व में विलीन

### अंतिम संस्कार से पहले मां ने संवारे बेटे के बाल, पिता ने दिया मूंछों पर ताव



बठिंडा।

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला का मंगलवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान लाखों की तादाद में फैंस मौजूद रहे। सिधू मूसेवाला के पिता ने अंतिम संस्कार के मौके पर लोगों की भीड़ को देखकर उनका प्यार सत्कार कबूल कर पगड़ी उतार दी। मां ने बेटे को सेहरा सजाकर अंतिम विदाई दी।

सिद्धू की मां अपने बेटे के चेहरे को बार बार देख रही थी। वहीं उनके समर्थकों में पुलिस के खिलाफ रोष भी देखने को मिला। सिद्धू मूसेवाला की मृतक देह को मंगलवार को मानसा के सिविल अस्पताल से गांव में लाया गया।

इससे पहले अस्पताल में उनके पिता बलकौर सिंह ने अपने बेटे के शव को पगड़ी भी पहनाई। यहां पर पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग व पूर्व जेल मंत्री सुखजिंदर रंधावा भी पहुंचे।

अंतिम यात्रा के लिए मां ने आखिरी बार बेटे के बाल संवारे। यह देखकर वहां मौजूदा लोगों की आंखें भर आईं। लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा था कि मूसेवाला उनके बीच नहीं रहा।

शव यात्रा के साथ फैंस ने फौन से सिद्धू मूसेवाला की फोटो खींची। पंजाब के मालवा एरिया में एक जमाने में मूसेवाला की तूती बोलती थी। युवाओं के बीच वह खासे लोकप्रिय थे। जब भी वह किसी फंक्शन में जाते थे तो हजारों की तादाद में युवा वहां पहुंच जाते थे। अब सबको मूसेवाला की कमी हमेशा खलती रहेगी।

## 2014 से पहले भ्रष्टाचार को सरकार का माना जाता था अहम हिस्सा, भाजपा ने अपनाई करप्शन के प्रति जीरो टालरेंस की नीति : पीएम मोदी




शिमला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला पहुंचे हुए हैं। शिमला के रिज मैदान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम गरीब कल्याण सम्मेलन में पीएम मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले भ्रष्टाचार को सरकार के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में देखा जाता था। अब केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस (शून्य-सहिष्णुता ) की नीति है। प्रधानमंत्री बनने की आठवीं वर्षगांठ के मौके पर रिज मैदान में आयोजित रैली में मोदी ने कहा कि सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की सूची से नौ करोड़ फर्जी नामों को हटाया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना हो या छात्रवृत्ति या कोई अन्य योजना, हमने सीधे लाभ के हस्तांतरण के माध्यम से भ्रष्टाचार के दायरे को मिटा दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के बैंक खातों में 22 लाख करोड़ रुपये से अधिक स्थानांतरित किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब हमारी सीमाएं 2014 से पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं। कोरोना महामारी से निपटने के लिए अपनी सरकार के उपायों के बारे में मोदी ने कहा कि भारत में अब तक लगभग 200 करोड़ कोविड वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है। भारत ने विभिन्न देशों को कोविड वैक्सीन का निर्यात किया और हिमाचल प्रदेश की बद्दी औद्योगिक इकाई ने उन जैब्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### एक झटके में करोड़ों किसानों के खाते में पहुंचा पैसा, पीएम किसान योजना की 11वीं किस्त जारी

पीएम किसान के लाभार्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिमला में पीएम किसान सम्मान निधि की 11वीं जारी कर दी। जिसके तहत करीब 10 करोड़ किसानों के खाते में 21,000 करोड़ रुपये भेजे गए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अभी देश के करोड़ों किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा ट्रांसफर हो गया, पैसा उनको मिल भी गया। आज मुझे शिमला की धरती से देश के 10 करोड़ से भी ज्यादा किसानों के खाते में पैसे पहुंचाने का सौभाग्य मिला है। केंद्र सरकार अपने 8 साल पूरे होने के मौके पर हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में राष्ट्रीय स्तर पर गरीब कल्याण सम्मेलन आयोजित किया है।

## नितिन गडकरी का बड़ा बयान : 2024 तक अमेरिका के मुकाबले का होगा भारत का रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर

नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कहा कि भारत का रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर 2024 तक अमेरिका के मुकाबले का हो जाएगा। इंडिया टीवी संवाद कॉन्क्लेव में आज यहां सवालों के जवाब में गडकरी ने कहा, उनके मंत्रालय ने पिछले 8 सालों में सरकारी सहायता और आउटसोर्स किए गए फंड, दोनों को मिलाकर 50 लाख करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाओं का काम पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इस साल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1,80,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

गडकरी ने कहा, पूरे भारत में सबसे कम दूरी को कवर करते हुए 22 ग्रीन एक्सप्रेस-वे बनाए जाएंगे। अपनी उपलब्धियों पर बात करते हुए उन्होंने कहा, दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा का समय घटकर 40 मिनट का रह गया है। इसी तरह दिल्ली और हरिद्वार के बीच 2 घंटे, दिल्ली



और चंडीगढ़ के बीच 2 घंटे 15 मिनट, दिल्ली और अमृतसर के बीच यात्रा का समय 4 घंटे रह गया है। और बहुत जल्द दिल्ली और कटरा के बीच यात्रा का समय घटाकर 6 घंटे, दिल्ली और श्रीनगर के बीच 8 घंटे और दिल्ली और मुंबई के बीच 12 घंटे कर दिया जाएगा। इसी तरह, चेन्नई और बेंगलुरु के बीच यात्रा का समय 1.5 से 2 घंटे कम हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, उनका मंत्रालय 2.5 लाख करोड़ रुपये की लागत से 285 किलोमीटर लंबी सुरंगों का निर्माण करेगा। इसमें 14.2 किलोमीटर लंबी ज़ोजी ला सुरंग भी शामिल होगी, जो सोनमर्ग को कारगिल से जोड़ने वाली एशिया की सबसे लंबी सुरंग होगी। ऑटोमोबाइल के मोर्चे पर बात करते हुए गडकरी ने वादा किया कि आने वाले वर्षों में भारत दुनिया का नंबर वन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब बन जाएगा।

उन्होंने कहा, 'भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का कारोबार अब 6.5 लाख करोड़ रुपये है, और यह अगले 5 सालों में बढ़कर 15 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। यह इंडस्ट्री केंद्र और राज्यों को अनुपात के हिसाब से जीएसटी में सबसे बड़ा योगदान देता है और साथ ही 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार देता है। अगले कुछ सालों में इस उद्योग में 2 करोड़ और नौकरियां दी जाएंगी।'

## हिंदू शिक्षिका को स्कूल में घुसकर गोली मारी, कश्मीरी पंडितों ने फिर से सामूहिक पलायन की चेतावनी दी



श्रीनगर।

कश्मीर में आतंकवादियों की ओर से पंडितों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कुलगाम जिले में आतंकवादियों ने एक हिंदू शिक्षिका की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि कुलगाम जिले के गोपालपुर में 36 वर्षीय रजनी बाला पर आतंकवादियों ने गोली चलाई, जिससे वह घायल हो गईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सांबा जिले की रहने वालीं रजनी बाला गोपालपुर के एक सरकारी स्कूल में बतौर शिक्षिका पदस्थ थीं। हम आपको याद दिला दें कि आज जैसे रजनी बाला की हत्या की गयी है ठीक उसी तरह पिछले साल अक्टूबर में आतंकवादियों ने एक स्कूल में घुसकर महिला प्रिंसिपल सतिंदर कौर और शिक्षक दीपक चंद की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री पैकेज के तहत शिक्षक के रूप में भर्ती हुई रजनी बाला का परिवार 1990 में पलायन कर गया था लेकिन बाद में उन्हें प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज के तहत फिर से कश्मीर बुलाकर नौकरी दी गई थी। बताया जा रहा है कि आतंकवादियों ने स्कूल में घुसकर पहले शिक्षिका से उसका नाम पूछा और फिर उसे एके-47 से गोली मार दी। इसी महीने की शुरुआत में सरकारी कर्मचारी राहुल भट की भी आतंकवादियों ने नाम पूछने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसके बाद से लगातार कश्मीरी पंडित आंदोलन और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि उन्हें सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित किया जाये।

## रूस-यूक्रेन जंग अपडेट्स रूस ने सेवेरोडोनेट्स्क में हमले तेज किए, जेलेंस्की ने खार्किव के स्टेट सिक्योरिटी हेड को बर्खास्त किया



कीव/ मॉस्को.

रूस-यूक्रेन जंग के 95 दिन बीत चुके हैं। इस बीच रूस ने यूक्रेन के सेवेरोडोनेट्स्क शहर पर हमले तेज कर दिए हैं। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को खार्किव के स्टेट सिक्योरिटी हेड रोमन ड्यूडिन को बर्खास्त कर दिया है। जेलेंस्की के मुताबिक, ड्यूडिन खार्किव शहर को डिफेंड करने में नाकाम रहे, इसलिए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। जांच एजेंसी उनके खिलाफ जांच करेगी।

बता दें कि जेलेंस्की ने रविवार को यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव का दौरा किया। वहीं, रूस ने यूक्रेन के दक्षिणपूर्वी इलाके पर कब्जे की कार्रवाई तेज कर दी है। रूसी आर्मी अभी भी खार्किव पर लगातार हमले कर रही है।

## सम्पादकीय

# दोहरी चुनौती

रिजर्व बैंक की सालाना रिपोर्ट बता रही है कि देश की अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियां अभी कम नहीं हुई हैं। हालांकि अर्थव्यवस्था अब संकट के उस दौर से बाहर आ चुकी है जो कोरोना महामारी से उपजे हालात के कारण पैदा हो गया था। इसलिए जोखिम का स्तर अब पहले वाला तो नहीं ही है। पर अभी हालात पूरी तरह से पटरी पर आने में समय लगेगा। रिपोर्ट में बढ़ती महंगाई और आर्थिक वृद्धि को लेकर रिजर्व बैंक की चिंता साफ झलक रही है। इसीलिए अपनी प्राथमिकता साफ करते हुए शीर्ष बैंक ने कहा भी है कि अभी उसका सारा जोर महंगाई काबू करने और आर्थिक वृद्धि दर पर है। दरअसल थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े जिस तरह रिकार्ड तोड़ते जा रहे हैं, उससे नए संकट खड़े हो सकते हैं। लेकिन ऐसी नौबत न आए, इसलिए चार मई को नीतिगत दरों में वृद्धि का बड़ा कदम उठाया गया। नीतिगत दरों में और इजाफा करने का संकेत भी बैंक पहले दे ही चुका है। लेकिन उसने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि महंगाई थामने के प्रयासों के साथ ही आर्थिक वृद्धि के उपाय भी साथ-साथ चलेंगे। रिजर्व बैंक के सामने यह दोहरी चुनौती है जब उसे महंगाई और आर्थिक वृद्धि दोनों में संतुलन साधना है। इस वक्त देश आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह के संकट का सामना कर रहा है, उसमें रूस-यूक्रेन युद्ध ने आग में घी का काम किया है।

गौरतलब है कि पिछले दो वित्त वर्ष तो कोरोना महामारी की भेंट चढ़ गए थे और अर्थव्यवस्था बैठ गई थी। लेकिन कुछ महीनों से इसमें सुधार के संकेत दिखने लगे थे। उससे उम्मीद बनी थी कि हालात जल्द काबू में आ जाएंगे। पर यूक्रेन संकट ने सारी उम्मीदों को धराशायी कर दिया। युद्ध की वजह से कच्चे तेल, धातु और उर्वरकों के व्यापार को तगड़ा झटका लगा। सबसे ज्यादा असर कच्चे तेल के दामों का पड़ा और इसके दाम एक सौ तीस डालर प्रति बैरल को पार गए थे। भारत अपनी जरूरत का अस्सी फीसद से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है। जाहिर है, भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने थे। इससे महंगाई बेकाबू होती गई। महंगाई को लेकर आरबीआइ ने रिपोर्ट में कहा भी है कि 2021-22 की चौथी तिमाही में खुदरा महंगाई छह फीसद से ऊपर निकल गई थी और इस वजह से मौद्रिक नीति तय करना ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया था। जाहिर है,ऐसे में केंद्रीय बैंक के सामने नीतिगत दरें बढ़ाने के अलावा कोई चारा बचा भी नहीं था।

महंगाई दर को काबू में रखने और आर्थिक वृद्धि दर के लिए मौद्रिक नीति तय करना रिजर्व बैंक का दायित्व है। उसे मौद्रिक नीति और सरकार की आर्थिक नीतियों में तालमेल भी बना कर चलना होता है। महामारी के बाद केंद्रीय बैंक का सारा जोर आर्थिक वृद्धि पर था। इसीलिए उसने लंबे समय तक नीतिगत दरें नहीं बढ़ाई थीं।

अगर महंगाई दर रिजर्व बैंक के निर्धारित दायरे से बाहर नहीं जाती तो शायद बैंक नीतिगत दरों में वृद्धि को कुछ समय के लिए और टालने पर विचार करता। अभी कई मोर्चे हैं जिन पर काम होना है। बाजार में मांग और खपत का चक्र कैसे बने, यह बड़ी चुनौती है। बिना आर्थिक वृद्धि के रोजगार के अवसर भी नहीं बनेंगे। रोजगार नहीं होगा तो लोगों के हाथ में पैसा कहां से आएगा और कैसे लोग महंगाई का सामना करेंगे? रुपए में गिरावट और व्यापार असंतुलन भी कम बड़ी चिंता की बात नहीं हैं। स्पष्ट है कि केंद्रीय बैंक को अब फूंक-फूंक कर कदम रखने हैं।

# बड़े फैसलों से बदली भारत की तस्वीर

**भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के पिछले आठ साल के कार्यकाल को तथ्यों और आंकड़ों के आईने में रख कर समझा जा सकता है। तथ्य और आंकड़े देश के विकास की जो कहानी कहते हैं, उससे साफ है कि अब देश की सरकार का काम सिर्फ योजना बना कर कागजी खानापूर्ति करना नहीं रह गया है, बल्कि दीर्घकालिक सोच के साथ नई योजनाएं बना कर और पूर्व की योजनाओं में जरूरतों के अनुरूप व्यापक बदलाव लाकर जन-जन के जीवन को सुगम बनाना ही सरकार का मूल मंत्र रहा है। पिछले आठ वर्षों के दौरान की योजनाओं का अवलोकन करें तो एकबारगी जेहन में जो तस्वीर उभरती है, उसमें 'राष्ट्र सर्वोपरि' का भाव दृष्टिगोचर होता है। लेकिन कहते हैं कि नींव के पत्थर को हमेशा याद रखा जाता है, तो बदलाव की यह कहानी शुरू होती है स्वच्छता अभियान से। प्रधानमंत्री ने पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान को जन अभियान बनाया। साथ ही लोगों को स्वच्छता का मंत्र दिया, 'न गंदगी करेंगे, न करने देंगे'। समाज को अपने साथ जोड़ने के लिए उन्होंने महात्मा गांधी के स्वच्छ व स्वस्थ भारत के सपने को पूरा करने का आह्वान किया।**

**चाहे** किसानों की समृद्धि का सवाल हो या फिर हर घर नल का जल पहुंचाने की योजना, सबके मूल में करोड़ों भारतीयों के जीवन में बदलाव लाना रहा है। जल जीवन मिशन के तहत सिर्फ ढाई वर्ष में छह करोड़ से ज्यादा नल कनेक्शन दिए गए और अब नौ करोड़ से ज्यादा लोगों को नल से जल मिलना शुरू भी हो गया है। आठ साल पहले सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत का जो संकल्प सूत्र दिया था, वह 'सबका साथ, सबका विकास' और 'सबका विश्वास सबका प्रयास' था। अब तक इस दिशा में जो भी फैसले हुए हैं, वे समाज की जड़ता को तोड़ने वाले रहे हैं। इन सभी में पूरे समाज की शक्ति भी साथ रही है। 'सबका साथ, सबका विकास' और 'सबका विश्वास सबका प्रयास' के लक्ष्य को पाने के लिए सरकार जिस पर अमल कर रही है, वह है 'सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण।' आठ सालों में सात सौ छोटी-बड़ी योजनाओं के जरिए न सिर्फ देश में, बल्कि विदेशों में बसे भारतवंशियों के जीवन में भी बदलाव लाने का बीड़ा सरकार ने उठाया। चाहे जन धन खाता हो, शौचालय हो, गैस की उपलब्धता हो, आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा हो, रेहड़ी-पटरी करोबार में सहायता हो, अनाज वितरण हो या ढांचागत सुविधाओं का विकास हो, सभी में गरीब मध्य और सभी वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य रहा। स्वच्छ भारत से शुरू हुआ सिलसिला, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फार लोकल, उज्जवला गैस योजना, पटरी पर रोजी-रोटी कमाने वालों को बैकों से जोड़ने के लिए स्वनिधि योजना बदलते हुए भारत की कहानी खुद बयां करती है। चाहे किसानों की समृद्धि का सवाल हो या फिर हर घर नल का जल पहुंचाने की योजना, सबके मूल में करोड़ों भारतीयों के जीवन मे बदलाव लाना रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत सिर्फ ढाई वर्ष में छह करोड़ से ज्यादा नल कनेक्शन दिए गए और अब नौ करोड़ से ज्यादा लोगों को नल से जल मिलना शुरू भी हो गया है। इतना ही नहीं, सरकार ने गांवों के सौ फीसद विद्युतीकरण का लक्ष्य निर्धारित समयसीमा से तेरह दिन पहले ही हासिल कर लिया था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में एक सौ चौदह लाख घरों के निर्माण को मंजूरी दी गई, जिसमें अब तक 53.4 लाख घर बना कर दिए जा चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 2024 तक 2.95 करोड़ घरों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। आयुष्मान भारत के तहत दस करोड़ से ज्यादा परिवारों को पांच लाख रुपए सालाना मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई। इस योजना के तहत मार्च, 2022 तक सत्रह करोड़ से अधिक लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड मुहैया कराए गए हैं। कोरोना महामारी से निपटने और बचाव के उपाय के लिए यृद्ध स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया गया। अब तक एक सौ इनक्यानवे करोड़ से ज्यादा खुराक लोगों को लगाई जा चुकी है। महामारी के दौरान जन वितरण प्रणाली के जरिए खाद्यान्न वितरण अभियान चलाया गया और देश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में भी काम शुरू हुआ। प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना के तहत किसानों को हर साल छह हजार रुपए देने की योजना जारी है। केंद्र सरकार ने ऐसी कई योजनाएं चलाई हैं जिससे



किसानों के जीवन में बदलाव आए और उनकी आमदनी दोगुनी किए जाने का लक्ष्य जल्द पूरा हो। चाहे बात किसान उत्पादक संगठनों यानी एफपीओ के गठन की हो, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, प्राकृतिक कृषि योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, परंपरागत कृषि विकास योजना, गोकुल ग्राम मिशन, राष्ट्रीय बांस मिशन, ये सारी योजनाएं किसानों की खुशहाली और खेती की तरक्की की दिशा में योगदान दे रही हैं।

जिस देश में पहले यूरिया के लिए मारामारी होती थी, उस देश में नैनो यूरिया का व्यावसायिक उत्पादन करने वाला भारत पहला राष्ट्र बन गया है। ग्रामीण भारत के विकास के बिना देश के विकास की परिकल्पना अधूरी है। कहा भी गया है कि भारत की आत्मा गांव में बसती है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने गांवों के विकास के लिए कई महत्त्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, ग्राम पंचायतों में इंटरनेट की सुविधा, ई ग्राम स्वराज योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि के जरिए गांवों के चौतरफा विकास की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाए गए। युवाओं के शैक्षणिक विकास, कौशल विकास और रोजगार के लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। नई शिक्षा नीति के तहत 2025 तक कम से कम पचास फीसद छात्रों को व्यावसायिक कौशल प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे में जब भारत आजादी अमृत महोत्सव मना रहा है तो सरकार ने न सिर्फ आजादी के मनीषियों का स्मरण कर देशवासियों को उनके बलिदानों की याद दिलाई, अपितु आजाद भारत में अपना महत्ती योगदान देने वाले ऋषियों का स्मरण कर नई पीढ़ी को उनके संघर्ष से जोड़ने का अतुलनीय कार्य किया। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के क्रम में तेरह उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजनाओं के अंतर्गत भारी उद्योग मंत्रालय ने आटो क्षेत्र के लिए 25938 करोड़ रुपए, उन्नत रसायन सेल के लिए 18100 करोड़ रुपए और हाइब्रिड व बिजली वाहनों के निर्माण के लिए दस हजार करोड़ रुपए निर्धारित किए हैं। इन योजनाओं का मकसद आटो उद्योग में लागत की अधिकता पर काबू पाना और इस उद्योग को अग्रणी बनाना बनाना है। इन योजनाओं के साथ इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर के लिए भी प्रोत्साहन योजनाओं के जुड़ जाने से आटो उद्योग को और अधिक फायदा होगा।

## आज का राशिफल

### मेष
बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

### वृषभ
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### मिथुन
कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रमाद न करें।

### कर्क
मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

### सिंह
विवाद को बढ़ावा न दें। बेवजह कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकते हैं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि की आशंका है। व्यापार-व्यवसाय में धीमापन रह सकता है।

### कन्या
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

### तुला
अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

### धनु
भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी। बेरोजगारी दूर होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। चारों तरफ से सफलता मिलेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### मकर
यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

### कुंभ
आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### मीन
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

## बॉलीवुड समाचार

### फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' में 6 किलो के कॉस्ट्यूम पहनने पर अक्षय कुमार ने किया रिएक्ट

# बोले- वो सच में असली योद्धा थे

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म सम्राट पृथ्वीराज में पृथ्वीराज चौहान के रोल में नजर आएंगे। फिल्म के प्रमोशन के दौरान अक्षय ने खुलासा किया कि शूटिंग के लिए उन्हें 6 किलो का भारी भरकम कॉस्ट्यूम पहनना पड़ता था। साथ ही एक्टर ने बताया कि उनके कॉस्ट्यूम भले ही इतने भारी थे, लेकिन इतिहास में रियल वॉरियर्स इससे भी ज्यादा भारी कपड़े पहना करते थे। अक्षय ने इतने भारी कॉस्ट्यूम पहनने को लेकर कहा, फिल्म में मैंने जो कपड़े पहने हैं, उनका वजन लगभग 5 से 6 किलो है। हालांकि इतिहास में रियल फाइटर्स जैसे सम्राट पृथ्वीराज चौहान और शिवाजी महाराज इससे भी ज्यादा भारी कॉस्ट्यूम पहना करते थे। जो लगभग 35-40 किलो के होते थे। इसके साथ



उन्हें इतनी भारी और बड़ी तलवार भी लेनी होती थी। वो असली योद्धा थे और इतना सब भारी पहनकर मैदान में लड़ा करते थे। फिल्म के टाइटल को लेकर हाल ही में राजपूत संगठन करणी सेना ने आपत्ति जताई थी। जिसके बाद फिल्म का टाइटल बदलकर सम्राट पृथ्वीराज कर दिया गया। करणी सेना के युवा विंग के अध्यक्ष सुरजीत सिंह राठौर ने कहा, जब फिल्म महान पृथ्वीराज चौहान पर आधारित है।

# लाल सिंह चड्ढा : करीना कपूर ने बेटे जेह को बताया फिल्म का अहम हिस्सा, बोलीं- मैं हमेशा इस फिल्म को चेरिश करूंगी

आमिर खान ने फाइनली अपनी अपकमिंग फिल्म लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर 29 मई को आईपीएल ग्रैंड फिनाले में लॉन्च किया। एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने भी फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। करीना ने ट्रेलर शेयर करते हुए अपने छोटे बेटे जेह अली खान को भी फिल्म का हिस्सा बताया है।

**करीना ने बेटे जेह को बताया फिल्म का हिस्सा :** ट्रेलर शेयर करते हुए करीना ने कैप्शन में लिखा, एक पैंडेमिक, दो लॉकडाउन और बाद में एक बेबी...मेरी सबसे स्पेशल फिल्म...इसलिए भी क्योंकि मेरे जेह बाबा भी इस फिल्म का काफी हद तक हिस्सा रहे हैं (मेरे पेट में)। मुझे ही नहीं बल्कि हम दोनों को फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए थैंक्यू आमिर और अद्वैत। यह चीज ऐसी है जिसे मैं हमेशा चेरिश करूंगी। फिल्म की शूटिंग के दौरान करीना प्रेग्नेंट थीं। जहांगीर का जन्म पिछले साल 21 फरवरी को हुआ था।

**पोस्ट पर किया फैंस ने रिएक्ट :** करीना की इस पोस्ट पर फैंस खूब प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने कमेंट किया, आपने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत की है। एक दूसरे ने लिखा, क्या ट्रेलर है...



आमिर खान, फिल्म को क्लासिक बनाने के लिए नाम ही काफी है और आप भी बहुत खूबसूरत लग रही हैं। कई और फैंस ने लिखा, क्वीन इज बैक। करीना की ननद सबा अली खान और एक्टर प्रीति जिंटा ने हार्ट इमोटिकंस कमेंट किए।

**आमिर ने की कॉम्प्लिकेशंस के बारे में बात :** आमिर ने पिछले साल फिल्म की शूटिंग के दौरान आई कॉम्प्लिकेशंस के बारे में बात की थी। उन्होनें कहा था, जब पूरी दुनिया कोरोना से डील कर रही थी। उस वक्त हम कोरोना और करीना दोनों को डील कर रहे थे। फिल्म की हिरोइन करीना शूटिंग के वक्त प्रग्नेंट हो गई थीं, तो हमारे सामने एक और कॉम्प्लिकेशन आ गई थी। अद्वैत चंदन के डायरेक्शन में बनी इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में आमिर खान और करीना कपूर खान के अलावा नागा चैतन्य और मोना सिंह भी लीड रोल में नजर आने वाले हैं। करीना फिल्म में आमिर की प्रेमिका के किरदार में दिखाई देंगी।






## गुरु मां चेतन्य मीरा के सानिध्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे आयोजित

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महेश जयंती महोत्सव 2022 के उपलक्ष्य में शहर के गौशाला बीड़ में पूज्य गुरु मां चेतन्य मीरा के सानिध्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। नंदकिशोर बिड़ला से मिली जानकारी के अनुसार पर्व पर पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश, वायु पंचतत्व साधना शिविर का आयोजन होगा। शिविर संयोजक राधेश्याम झंवर ने बताया कि पूज्य गुरु मां चेतन्य मीरा के सानिध्य में तीन दिवसीय शिविर कार्यक्रम 2 जून को प्रात: 07 से 8 बजे, 3 जून को प्रात: 05.30 से 07 बजे तथा 4 जून को प्रात: 05.30 से 07 बजे तक श्री कुचामन गौशाला बीड़ में आयोजित होगा। कार्यकम में भाग लेने हेतु नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन फॉर्म गोल प्याऊ माहेश्वरी भवन में उपलब्ध है।

## किसानों के उत्थान के लिए मोदी सरकार हैं तत्पर-जाजड़ा

### पीह में पीएम के किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का हुआ प्रसारण



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को निकटवर्ती ग्राम पीह में भाजपा किसान मोर्चा नागौर देहात की ओर से पीएम के किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का प्रसारण आईटी केंद्र में हुआ। किसानों ने प्रधानमंत्री के लाभार्थियों से सीधा संवाद एवं 8 वर्ष सफल होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियां एवं किसान सम्मान निधि की आठवीं किस्त जारी करने के कार्यक्रम को सुना और देखा। इस अवसर पर किसान मोर्चा नागौर देहात जिलाध्यक्ष अमरचंद जाजड़ा ने कहा कि कोरोना महामारी की चुनौतियों के बीच भारत ने कई जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न की आपूर्ति की है। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध संकट के समय भी हमारा भारत एक जरूरतमंद देशों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का प्रमुख मददगार देश बनकर उभरा है। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि न केवल देश में खाद्यान्न का उत्पादन लगातार रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है, बल्कि कृषि का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है, जो लगभग 4 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

किसानों का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है और दिल्ली से कृषि सहायता बैंक खातों के माध्यम से सीधे उन तक पूरी पारदर्शिता से पहुंच रही है।विभिन्न क्षेत्रों में किसानों की आय बढ़ी है। कृषि को व्यवसाय के रूप में स्वीकार करने के प्रति उनकी सोच को नई दिशा मिली है।आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। आज भारत में रिकॉर्ड विदेशी निवेश हो रहा है। भारत रिकॉर्ड एक्सपोर्ट कर रहा है।%

अभी देश के करोड़ों किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि का 21 हजार करोड़ रुपये सीधा किसानों के खाते में ट्रांसफर हुआ। मोदी सरकार खेती की दिशा व दशा बदल रही है।

### ये रहे मौजूद-

इस अवसर पर जिला महामंत्री गोपाल जाखड,महेश कुमार शर्मा,छीतरराम माली,भेराराम गुर्जर,नोरत माली,प्रकाश माली,सरवन नाथ, सुरेश दमामी,बुधाराम,विक्रम माली, सोहन लेगा,गुलज़ार मो, ब्रिजेश खोरवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सेवा से ही इंसान की पहचान बनती है : अनिता चौधरी

### समारोह में 35 वर्षो की सेवा बनी यादगार

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे के महिला बाल विकास कार्यालय में मंगलवार को सुपरवाइजर अनिता चौधरी के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एसडीएम गौरीशंकर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुपरवाइजर चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित सम्मान समारोह में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कार्यकुशलता की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम गौरीशंकर शर्मा ने उन्हें प्रतीकचिह्न देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ कार्यालय सहायक नारायण सिंह ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अनिता चौधरी ने आज अपने सेवाकाल के 35 वर्ष सफलता पूर्वक पूरे किए हैं जो विभाग को हमेशा यादगार रहेंगे। अधिकारी अनुजा चौधरी ने कहा कि रिटायर्ड होने के बाद भी सरकारीकर्मियों को सक्रियता के साथ समाज के उन्मुखीकरण पर ध्यान देते हुए समय का उपयोग करना चाहिए। इस कार्य से आत्मिक संतुष्टि मिलेगी। कार्यक्रम में तहसीलदार महेश कुमार, पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामपाल ढाका, वरिष्ठ सहायक नारायण सिंह ने भी विचार रखे । इस अवसर पर नवनियुक्त अधिकारी अनुजा चौधरी ने सुपरवाइजर अनिता चौधरी को सेवानिवृत्त होने पर माला व शॉल देते हुए उनके कार्य व सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए भावभीनी विदाई दी । समारोह में स्नेह मिलन समारोह के बाद सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए । समारोह में सुपरवाइजर लीला चौधरी, रेखा चौहान, रेखा राजावत, सुमन बेड़ा , देवराज , कमल किशोर शर्मा , सरवन शर्मा , सुशीला सेवरिया, रघुवीर सेन, रेखा राजावत, अमजद खान सहित कई कार्मिक मौजूद रहे।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को परबतसर के आंचलिक गांव बागोट के आदर्श स्वास्तिक केन्द्र पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ. राकेश नोडल ने वहां मौजूद सभी लोगो को तम्बाकू निषेध की शपत दिलाई। इस मौके पर बागोट सरपंच प्रतिनिधि सुरेश रामावत, डॉ. राकेश नोडल, समाज सेवी नन्दकिशोर सैन, योगेश कुमार जोशी, हरकरण, किशनाराम, कल्पना शर्मा, सुरेश कुमार, मनजीत सिंह, भंवर लाल गुर्जर, आदि मौजूद रहे।

# अंडर 18 एशियन कप के लिए खान कमिश्नर और राठौड़ चेयरमैन नियुक्त

### 1 से 5 जून तक ओडिसा के कटक में फीबा एशियन चेम्पियनशिप का होगा आयोजन

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** ओडिसा के कटक में 1 से 5 जून 2022 तक आयोजित होने वाली फीबा अंडर 18 एशियन बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए नगर के अंतराष्ट्रीय रैफरी हासम खान को कमिश्नर नियुक्त किया गया है । राजस्थान बास्केटबॉल संघ के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अजीत सिंह राठौड़ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नगर के लिए यह गौरव का विषय है कि यहीं के जाये जन्मे हासम खान ने यह उपलब्धि हासिल की है । उल्लेखनीय है इस प्रतियोगिता हेतु एडवोकेट अजीत सिंह राठौड़ को चेयरमैन, अशोक कुमार साहू को वाइस चेयरमैन एंव ज्ञान रंजन परिडा, प्रदीप कुमार ऑडी को सदस्य एवं नॉर्मन इशाक को कन्वीनर नियुक्त किया गया है ।



**डीडवाना में हर्ष की लहर**-खान और राठौड़ की इस नियुक्ति से खेल जगत में हर्ष व्याप्त है। नगर की अनेक खेल संस्थाओं, संगठनों एवं पूजा खेल एकेडमी, मारवाड़ खेल अकेडमी सहित महावीर ओझा, नरपत सिंह राठौड़ गुमान सिंह, सुरेश मारोठिया, मोहम्मद नईम खत्री, विवेक रंजन सिंह, गुलाब कच्छावा, अमजद एच पठान, कृष्ण मोहन शास्त्री, कुलदीप पँवार, विक्रम पँवार, रमेश वर्मा, गोविंद गुर्जर, देवेश त्रिपाठी, अबरार अली बेरी, बजरंग पँवार, एडवोकेट वीपी सिंह, यूनूस पठान, पीयूष द्विवेदी, राम चन्द्र तापड़िया, अशोक शर्मा, अनन्त शर्मा आदि ने बधाइयां प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया है ।

# संगठन में मिले युवाओं व महिलाओं को भागीदारी-धायल

### भेरुन्दा में कांग्रेस ब्लॉक की बैठक में संगठन में युवाओं व महिलाओं की भागीदारी पर मंथन, स्थानीय संगठन की रिपोर्ट पीसीसी को करेंगे पेश

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को स्थानीय बस स्टैंड स्थित तेजा मंदिर परिसर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भेरुन्दा की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के बीआरओ जगदीश प्रसाद धायल ने की। बैठक में नियुक्त कांग्रेस बीआरओ धायल ने कहा कि कांग्रेस संगठन में बूथ स्तर की कमेटियां बनाकर एक अध्यक्ष बनाया जाए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि एआईसीसी व पीसीसी के दिशा-निर्देश पर युवाओं को संगठन में 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही महिलाओं व एससी व एसटी की भागीदारी भी संगठन में सुनिश्चित करनी होगी। बैठक में पीसीसी सदस्य शिवपाल सिंह मातवा ने कहा कि संगठन में युवा शक्ति की भागीदारी सुनिश्चित हो। उसके साथ ही कार्यकर्ताओं की कार्य प्रणाली में संगठन के प्रति समर्पण भाव, संगठन की एकजुटता को आगे बढ़ाया जाए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर नई ब्लाक कार्यकारिणी गठित करने का फैसला पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा पर छोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन स्तर पर की गई चर्चाओं व लिए गए निर्णय का भी बीआरओ जगदीश प्रसाद धायल ने रिपोर्ट पीसीसी जयपुर को प्रस्तुत करने की जानकारी दी। इस मौके पर विभिन्न मुद्दों पर भी मंथन किया गया।

**ये रहे मौजूद**-बैठक में पीसीसी सदस्य शिवपाल सिंह मातवा,इंटक प्रदेश उपाध्यक्ष मिलापचंद कोथ, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम सारड़ा, रामलाल बेनीवाल,सुबान देशवाली,मोती खां, मालाराम माठ, उपसरपंच कानाराम ज्याणी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डेगाना ब्लॉक के मदरसों में तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करने की ली शपथ

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** तंबाकू निषेध दिवस पर डेगाना ब्लॉक के मदरसों में तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर पूंदलोता मदरसे के पैरा टीचर अशफाक खान ने कहा कि सफर देगा मगर मंजिल की न हमको खबर देगा। हमारी जिंदगी के बाग को वीरान कर देगा, धुआं साँसों में घुलकर के जिगर में आग भर देगा...नशा है ये फ़क़त खुद को मिटाने का हुनर देगा। इस लिए हम सब को नशे से दूर रहना चाहिए व दूसरो को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करना चाहिए।

इस अवसर पर मदरसा पैराटीचर अशफाक खान, रफीक खान, नूर स्या, मुनि बानो, फिरोज, समन, टोनी सहित गाँव के अन्य गणमान्य लोग व बच्चे मौजूद रहे। डेगाना ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शौकत खान ने बताया कि इसी प्रकार तंबाकू निषेध दिवस पर अन्य मदरसा में भी तंबाकू निषेध दिवस पर बच्चों को और ग्रामीणों को तंबाकू नहीं सेवन करने की शपथ दिलवाई। इसी क्रम में डेगाना गांव मदरसे में मकसूद खान व हाकम अली खान के नेतृत्व में शपथ दिलाई गई।

डेगाना कायमखानी नगर मदरसे में भी अमजद खान के नेतृत्व में, जावला मदरसे में सिकंदर अली, नथावड़ा मदरसे में सत्तार मोहम्मद, व मोरियाना कायमखानियों की ढाणी में रशीद अहमद, सुल्ताना बानो के नेतृत्व में तंबाकू निषेध दिवस पर बच्चों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अनेको युवाओ ने नशा नही करने की शपत ली।

## 'भारत गौरव सम्मान' से नवाजे जाएंगे शंकर कुलरिया

### देशभर के भामाशाहों मे शुमार कुलरिया का मेड़ता से रहा है गहरा नाता



मेड़तासिटी(नागौर डेली न्यूज) :

मेड़ता क्षेत्र की जनता के दिलों में राज करने वाले शंकर कुलरिया को भारत गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा जानकारी में कुलरिया के प्रवक्ता डीडी चारण ने बताया कि 3 जून को दिल्ली में होने वाले इस भव्य आयोजन में देशभर के भामाशाह, उद्योगपति, समाजसेवी, सांसदों व राजनेताओं सहित गणमान्य मौजूद रहेंगे। ज्ञात रहे भामाशाह शंकर गुलरिया के पिता संत पदमाराम कुलरिया का मेड़तासिटी से बहुत गहरा लगाव रहा है और समय-समय पर वह मेड़ता क्षेत्र में आते जाते रहे हैं और यहां के क्षेत्र की गौशाला में स्कूलों में यथा सहयोग हमेशा करते आ रहे हैं। इस मौके पर संत पदमाराम कुलरिया फैंस क्लब के अमित टाक, कैलाश जांगिड़, दिनेश जांगिड़, महिंद्र ट्रेलर, जय किशन गौड़, एडवोकेट विमलेश व्यास, एडवोकेट रामविलास दाधीच, सीमा जांगिड़, एडवोकेट मनोज शर्मा सहित क्षेत्र के लोगों ने खुशियां जताते हुए कुलरिया परिवार को बधाई संदेश दिया।






# शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया सभापति भाटी का स्वागत



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मकराना शहर के तत्वावधान में मंगलवार को एक स्वागत कार्यक्रम नगर परिषद मकराना में आयोजित हुआ। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर परिषद के सभापति के रूप में अब्दुल सलाम भाटी का पद ग्रहण करने पर माला, साफा पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर कार्यकर्ताओं ने सभापति भाटी का स्वागत किया। इस मौके पर राजीव गांधी ऑल इंडिया कांग्रेस नागौर महिला जिलाध्यक्ष मंजू देवी सैनी, शहर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ चौधरी, संगठन महामंत्री मोहम्मद शफी उर्फ बबलू गैसावत, कोषाध्यक्ष इमरान खत्री, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव भंवरू खां कायमखानी, पार्षद इफ्तेखारुद्दीन गैसावत, पार्षद शक्तिसिंह चौहान, पार्षद नवरतमल सिंगोदिया, पार्षद प्रतिनिधि फूलचंद परेवा, शहादत अली बेहलीम, अब्दुल अजीज सिसोदिया, अब्दुल करीम रांदड़, अफजल अहमद खत्री, अब्दुल रशीद उस्ता, शब्बीर अहमद गैसावत सहित अन्य मौजूद थे।

# पार्षदों की मांगो पर लिखित सहमति से समाप्त हुआ धरना

## 10 दिन में व्यवस्था नहीं सुधारने पर आंदोलन की चेतावनी



अबूबकर बल्खी

लाडनूँ(नागौर डेली न्यूज) : शहर में सफाई व्यवस्था व प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य अनियमितताओं से नाराज हुए भाजपा व निर्दलीय पार्षदों का धरना दूसरे दिन नगरपालिका ईओ मघराज डूडी से लिखित समझौता होने के बाद समाप्त हो गया। भाजपा शहरमण्डल अध्यक्ष मुरलीधर सोनी व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट जगदीश सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पार्षदों ने वार्डों की सफाई के लिए कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने व वार्डो में आवश्यकतानुसार स्ट्रीट लाईट लगवाने की शर्तो का लिखित में समझौता स्वीकार किया। इसके बाद ईओ डूडी ने धरना स्थल पर बैठे पार्षदो को शरबत पिलाकर उनका धरना खत्म करवाया। इस मौके पर एडवोकेट जगदीशसिंह ने कहा वार्डों की सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाए , वार्ड में खराब व बन्द पड़ी लाईट को सही करने तथा पार्षदो व ईओ के बीच समझौते का पालन शीघ्र करने की बात कही। पार्षद मुरलीधर सोनी ने कहा आगामी 10 दिनों में शहर की सफाई व्यवस्था व लाईट व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो उन्हें मजबूरन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा।

पार्षद राजेश कुमार भोजक ने ई.ओ डूडी से विभिन्न ऑफिसों में लगे सफाई कर्मचारियों की सूची मांगी व उनको सफाई के लिए फील्ड में लगाने की मांग की। उनका आरोप था कि शहर में कहीं भी डस्टबिन नहीं लगाए हुए हैं मगर नगरपालिका द्वारा उनका बजट उठाकर फैलाया फैलाया जा रहा है, जिसका विरोध किया गया। ई.ओ मघराज डूडी ने कहा जो पार्षदो की मांगे है उनका जल्द पालन किया जायेगा। जिन वार्डो में स्वीच वायर लगवाए गए उन सभी मे लाईटें लगवा दी जाएगी।

# दुजार में अवैध खनन पर कार्यवाही

## साढ़े 47 लाख की पैनल्टी लगाई

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** राज्य सरकार के अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को एसडीएम लाडनूं अनिल कुमार गढ़वाल के निर्देश पर राजस्व विभाग एंव खनन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुजार में अवैध खनन करते हुए पाए जाने पर करीब साढ़े 47 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने बताया कि दौराने जांच ग्राम दुजार की दो खानों में अवैध खनन पाया गया। जिनकी गहन जांच करने पर खसरा नंबर 503/103 तथा 545/103 में शेर सिंह पुत्र जीवन राम निवासी सुजानगढ़ ने 13440 टन मेसनरी स्टोन और खसरा नंबर 621/99 में मैसर्स कनिका निमूर्ति मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड ने 16800 टन मेसनरी स्टोन द्वारा खान से अवैध खनन कर पत्थरों का विक्रय करना पाया गया।

# निविदा को निरस्त कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** नगरपालिका मंडल, लाडनूं जिला नागौर ने सोमवार 30 मई को पत्र क्रमांक न.पा.ला./विकास शाखा/2022/43 की विज्ञप्ति को नियमों की अवहेलना कर निकालने का प्रयास किया है, जिसकी शिकायत पार्षद ने उच्चाधिकारियों से कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। वार्ड नम्बर 22 के पार्षद राजेश भोजक ने बताया कि इस निविदा की किसी अखबार में विज्ञप्ति प्रकाशित नहीं हुई और ना ही इसकी जानकारी साइट पर डाली गई है। इससे पहले भी बहुत सी निविदाये भी इस तरह की जानकारी छुपा कर गुपचुप तरीके से दी जाती रही हैं। जो पार्षदों के अधिकारों व सरकारी नियमों का उल्लंघन है। भोजक ने इस निविदा को निरस्त की जाने तथा इसकी जांच कर दोषी पाए जाने पर अधिशाषी अधिकारी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि सीएम, हाउसिंग बोर्ड के चेयरमेन, संयुक्त सचिव, शासन सचिव निदेशक स्वायत शासन विभाग, उपनिदेशक स्वायत शासन विभाग अजमेर संभाग, जिला कलेक्टर नागौर व एसड़ीएम लाडनूं को प्रेषित की गई है।

# नागौर जिले का हज प्रशिक्षण व टीकाकरण शिविर 2 जून को मकराना में

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** हज 2022 के लिए आजमीने हज का प्रशिक्षण व टीकाकरण कार्यक्रम राजस्थान स्टेट हज कमेटी द्वारा घोषित कर दिया गया है। नागौर जिले के मकराना, परबतसर, नावा, डीडवाना, लाडनू, कुचामन सब डिविजन के आजमीने हज का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण 02 जून 2022 गुरूवार प्रात 10 बजे से मकराना में लगनशाह हॉस्पिटल के पास स्थित अंजुमन कॉलेज परिसर में होगा। अंजुमन सचिव हारून रशीद चौधरी ने बताया कि आजमीने हज प्रशिक्षण स्थल पर 02 जून को अपने पासपोर्ट, मेडीकल, फिटनेस प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी, एक फोटो लेकर उपस्थित हो। साथ ही हज कमेटी द्वारा निर्धारित स्टेण्डर्ड बैगेज का भी वितरण किया जायेगा। बैगेज प्राप्ति के लिए बावचर की कोपी, हज कमेटी से प्राप्त बैगेज का मैसेज एवं पहचान पत्र साथ लेकर आना होगा। इस दौरान जिला मुख्य हज प्रशिक्षक अजीज गौरी, एडवोकेट शाहिद समेत अन्य ट्रेनर व चीफ मेडिकल आफिसर नागौर की तरफ से एक मेडिकल टीम मकराना आकर इस कार्य को अंजाम देगी। कार्यक्रम की व्यवस्था हेतू मंगलवार को अंजुमन कार्यालय में चर्चा कर तैयारियां शुरू की गई। इस अवसर पर हाजी मोईनुद्दीन शेख, न्याज मोहम्मद भाटी, असगर अली, युसुफ सिसोदिया, अंजुम गहलोत सहित संस्था के लोगों ने शिरकत की।

# पीएचसी फ़रड़ोद में मनाया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फ़रड़ोद में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। राज्य सरकार की जनघोषणा की क्रियान्विति एवं निरोगी राजस्थान के अंतर्गत तम्बाकू मुक्त राजस्थान-100 दिवसीय अभियान के तहत 31 मई, मंगलवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फ़रड़ोद से लेकर इनके अधीन आने वाले समस्त सब सेन्टरों सहित ग्राम स्तर तक कर्मचारी, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता व आमजन ने तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ ली ।और पीएसची फ़रड़ोद पर नर्सिंग ऑफिसर हनुमान राम भाम्बू ने उपस्थित सभी को तम्बाकू निषेध शपथ दिलवाई।

डॉक्टर राकेश वर्मा ने बताया कि तम्बाकू मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मनाए जाने वाले विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर 31 मई को सफल बनाने में आंगनवाड़ी, ग्राम पंचायत, एवं चिकित्सा विभाग ने तम्बाकू निषेध दिवस तम्बाकू मुक्त होने की शपथ दिलवाई। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश वर्मा ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर ग्रामीणों को तम्बाकू जैसे जहर का सेवन नहीं करने की अपील की।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस का दायित्वबोध युवाओं को होना जरुरी

## मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में तम्बाकू के खतरों और स्वास्थ्य पर इसके नकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा नगरी कुचामन शहर के स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में संचालित श्री राज गर्ल्स एनसीसी बटालियन की कैडेट्स ने महाविद्यालय सभागार में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर तंबाकू के खतरों और स्वास्थ्य पर इसके नकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के निदेशक सुल्तान सिंह थालौड़, अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणियां, तथा प्राचार्य डॉ. एस.आर. कुमावत ने सरस्वती पूजन के साथ विधिवत रूप से किया।

कार्यक्रम प्रभारी कांता विश्नोई ने बताया कि महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स कीर्ति राठौड़, अम्बिका राठौड़, चंदा कंवर तथा खूशबू भाटी ने तम्बाकू उत्पादों से होने वाले हानिकारक प्रभावों पर अपने विचारों से अवगत कराया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा निर्मित तम्बाकू निषेध से जुड़े भित्तिचित्रों व कलाकृतियों ने युवाओं से जागरूक होने का संदेश दिया। कैडेट खुशबू भाटी ने अपनी कविता के माध्यम से तम्बाकू के विनाशकारी प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

### तम्बाकू व इसके हानिकारक उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत : थालौड़

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निदेशक सुल्तान सिंह थालौड़ ने बताया कि हमें तम्बाकू व इसके हानिकारक उत्पादों के प्रति सार्वजानिक जागरूकता बढ़ाने के साथ लोगों को इनके सेवन नहीं करने के प्रति प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कुमावत ने इस वर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की थीम 'पर्यावरण के लिए खतरनाक है तम्बाकू' की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि वर्तमान समय में युवाओं में धूम्रपान की लत तथा तम्बाकू उत्पादों का सेवन चिंता के विषय है अत: तंबाकू निषेध दिवस का दायित्वबोध युवाओं को होना जरुरी है।

### प्राचार्य कुमावत ने दिलाई शपथ

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कुमावत ने एनसीसी कैडेट्स को तम्बाकू मुक्त जीवन की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र चौबदार, डॉ. प्रतीक सोनी, सुरेश कुमार मिश्रा, कमलेश कुमार जाट, सुखराम चौधरी, मनीष मेघवंशी, जिज्ञाशा जैन, बलवीर लोछब, दानाराम भींचर, छोटूराम, मोनिका शर्मा, निकिता शर्मा तथा शंकरलाल आदि ने तम्बाकू उत्पादों का प्रयोग नहीं करने का आह्वान विधार्थियों से किया।

# कुचामन के मदरसों में छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ, कहा- नशा, नाश की है जड़

## मनाया विश्व तंबाकू और धूम्रपान निषेध दिवस



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को विश्व तंबाकू और धूम्रपान निषेध दिवस के मौके पर राज्य सरकार और शिक्षा विभाग के निर्देशों के मुताबिक कुचामनसिटी के सभी मदरसों में मदरसा पैराटीचर ने सभी छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को अवगत कराकर नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कुचामन ब्लॉक के सभी मदरसों में तम्बाकू उत्पादों एवं नशीले पदार्थों से होने बाले शारीरिक और सामाजिक नुकसानों के बारे में छात्रा-छात्राओं को जानकारी देकर मदरसा पैराटीचर ने जागरुक किया। कोर्डिनेटर खालिद खान ने कहा कि मदरसों के अलावा अन्य शैक्षिक संस्थानों, परिवार, समाज और शहर को नशा मुक्त कराने की समन्वित जिम्मेदारी सभी को ओढनी होगी तभी इस भयंकर अभिशाप से निजात पाई जा सकती है। इस मौके पर मदरसा दारूल उलूम में कोर्डिनेटर खालिद खान और उम्रदराज खान, पीपी मदरसा अबुल कलाम में साजिदा उस्मानी और इकबाल खान, मदरसा छीपान में हबीब मौलानी, इमरान देवड़ा और अहमद भाटी, मदरसा इस्लामिया सोसायटी मोहम्मद आमीन, मदरसा मनिहारान में मोहम्मद आतिफ, मोहम्मद इब्राहिम, नाज़मीन और अब्दुल्लाह, ताहिर भाटी, मदरसा मोहम्मदिया में जन्नत भाटी, माजिदा और फरहाना भाटी, मदरसा सेठ सुलेमानिया में आसिफ उस्मानी, इसरार खान और उमेश कसवा, मदरसा दारुल उलूम गरीब नवाज में रमजान खान, मदरसा चमन ए मुस्तफा में हाजी मोहम्मद, मदरसा अरबियायू इस्लामिया घाटी कुआं में शहनाज खान और रूबिया यासमीन खान, गुढ़ा साल्ट के मदरसा अंजुमन इस्लामिया में अलाउद्दीन, पांचवा के मदरसा इस्लामिया नूरानी मस्जिद में कमरुद्दीन और मजहर अली, कुकनवाली के मदरसा इस्लामिया में आरिफ खान पैराटीचर मौजूद रहे।

# बारसंघ ने रीडर के खिलाफ लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

## राज्य सरकार ने रीडर को एसडीएम कार्यालय से हटाया

अबू बकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** अधिवक्ता संघ लाडनूं के महासचिव महेंद्र जानूं एडवोकेट ने बताया कि कार्मिक विभाग जयपुर के शासन उप सचिव डॉ. प्रिया बलराम शर्मा द्वारा जिला कलक्टर नागौर को, न्यायालय के प्रकरणों की जांच करने व रीडर राजकुमार दानोदिया के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई कर, लाडनूं से हटाने बाबत आवश्यक व समुचित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है। इससे पूर्व भी जिला कलेक्टर नागौर ने भी एडीएम नागौर को इस संबंध में जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा उसकी भी जांच जारी है। अधिवक्ता संघ लाडनू के द्वारा उपखंड अधिकारी लाडनू के रीडर राजकुमार दानोदिया पर उपखंड अधिकारी के नाम पर अधिवक्ताओं व पक्षकारों से निर्णय करवाने व स्टे लेने के नाम पर रुपयो की मांग करता था तथा सभी पक्षकार सहमति व राजीनामा से बंटवारा पेश करने के बाद भी, जब तक रीडर को पैसे नहीं मिलते है तब तक प्रकरण में निर्णय नहीं किया जाता है और रीडर अपने हस्तलेखन से स्वयं फैसले लिखने के आरोप लगे। इस मामले में अधिवक्ता संघ लाडनूं के द्वारा कार्य बहिष्कार किया व मुख्यमंत्री, राजस्व बोर्ड अजमेर, मुख्य शासन सचिव, राजस्व मंत्री, क्राइम ब्रांच व उच्च अधिकारियों आदि को ज्ञापन प्रेषित किए गए थे। अध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौड़ उपाध्यक्ष नवाब खा, कोषाध्यक्ष मुरली मनोहर जांगिड़, एडवोकेट छोगाराम बुरड़क, चेतन सिंह शेखावत, इंदर चंद घोटिया, एडवोकेट शेरसिंह जोधा आदि संपूर्ण बार संघ ने सहमति से पूर्व में कार्य बहिष्कार किया था.

# रूपम् साहित्य व शिक्षा संस्थान मूंडवा कॉमन प्रवेश परीक्षा 2022 की कराएगा निःशुल्क तैयारी

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** देश के प्रख्यात केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए पहली बार कॉमन प्रवेश परीक्षा होने जा रही है। रुपम संस्थान मूंडवा के संस्थापक व बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवरलाल जाट ने बताया कि मूंडवा क्षेत्र से इस बार करीब 50 आवेदन करवाए गये हैं। आवेदन के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों का राजी होना भी एक उपलब्धि है। अब संस्थान की तरफ से एक जून बुधवार से प्रतिदिन प्रात: सात बजे से दस बजे तक फ्री तैयारी करवाई जाएगी।

# केवीके पर हुआ गरीब कल्याण सम्मेलन समारोह

कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे के धनकोली रोड स्तिथ कृषि विज्ञान केन्द्र, मौलासर पर मंगलवार को गरीब कल्याण सम्मेलन कृषक मेला का आयोजन समारोहपूर्वक किया गया। इस गरीब कल्याण सम्मेलन समारोह का मुख्य उदेश्य भारत सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियो तक पहुचाना था, जिसका सीधा प्रसारण मेले में किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियो से सीधा संवाद तथा उनका उदभोदन किसानो को दिखाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सदस्य जगदीश सिंह रहे, जबकि पंचायत समिति प्रधान मंजू देवी, जिला परिषद सदस्य राधा देवी, बीसीएमओ डॉ. अजित सिंह बलारा, नागौर डेयरी चेयरमेन किशन भिंचर, निमोद सरपंच प्रतिनिधि भूराराम कूदना सहित कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग के वैज्ञानिकगण मंचस्थ रहे। समारोह के मुख्य अतिथि जगदीश सिंह, सदस्य, संचालन मर्डल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने कृषको को नागौर से संबधित कृषि की समस्याओं के मुददे जैसे की नागौरी बेलो की बिक्री पर रोक हटाने, नागौरी पान मैथी को जी.आई टेग दिलवाने तथा किसानो के हित में अधिक बजट दिलवाने पर जोर दिया।

पूर्व कृषि अनुसंधान अधिकारी, अजमेर डॉ. अनिल चौधरी ने किसानो को कम लागत में अधिक उत्पादन लेने के लिए जैविक खेती से कीट-रोग निदान के उपाय बताये। सहायक निदेशक कृषि, कुचामनसिटी पन्ना लाल जाट ने कृषि विभाग द्वारा कृषको के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे फार्म पौंड, तारबंदी, कृषि यंत्र, बूंद बूंद सिंचाई आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। माहित चौधरी, डी.डी.एम. नाबार्ड, नागौर, ने केन्द्र सरकार द्वारा नाबार्ड के सहयोग से किसानो के हित में जारी योजनाओं के बारे बताते हुए कहा की नाबार्ड के सहयोग से कृषको के एफ.पी.ओ समूहों को सस्तें ब्याज पर ॠण उपलब्ध करवाया जा रहा है जिसमें मौलासर क्षेत्र में जी.एस.एस. निमोद के यहां पांच हजार मेट्रिक टन क्षमता का भण्डार गृह का निर्माण करना बताया। भंवर लाल शर्मा, पूर्व सहायक निदेशक कृषि, कुचामन सिटी ने किसानो के द्वारा काम में लिए जाने वाले आदानों जैसे बीज, खाद, दवाईयां आदि के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्त में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. अर्जुन सिंह जाट ने केन्द्र द्वारा संचालित गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कम लागत में अधिक उत्पादन हेतू कृषि में नवाचारों का उपयोग करने पर जोर दिया।

### मौलासर में जल्द खुलेगा कृषि महाविद्यालय

कार्यक्रम में उपस्थितों को सम्बोधित करते हुए सरपंच मौलासर जोगेन्द्र सिंह बलारा ने बताया की डीडवाना विधायक चेतन सिंह डूडी के सहयोग से मौलासर कृषि विज्ञान केन्द्र के नजदीक ही कृषि महाविद्यालय के लिए 200 बीघा भूमि का प्रस्ताव भेजा गया गया है एवं कृषि महाविद्यालय को इसी सत्र से शुरू करने हेतू आवश्यक सभी मुलभूत सुविधाएं ग्राम पंचायत के सहयोग से उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। जिस पर ग्रामीणों ने सरपंच के इस कार्य की प्रशंसा करते हुये नजर आये। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवो के 500 से अधिक किसान एवं महिलाएं उपस्थित रही।




### कृषि सम्बंधित स्टॉले लगाई

कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के द्वारा लगाई गई विभिन्न प्रकार की स्टॉल जैसे-बीज, खाद, कीटनाशी, जैविक उत्पाद, बूंद-बूंद सिंचाई उपकरण, केचुआ खाद, गौ उत्पाद, पौंधशाला आदि इस मेले में आकर्षण के केन्द्र रहें। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों ने स्टालों का निरीक्षण कर स्टाल की जानकारी भी ली।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com